| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| | 24-2-24 | | 6-8 |


The Tribune


# Experts, farm activists differ on budgetary provisions

DEEPENDER DESWAL
TRIBUNE NEWS SERVICE

HISAR, FEBRUARY 23

Terming the state's 8.1% growth in the agriculture sector 'exceptionally good', experts today stressed the need for diversification of crops, post-harvesting management system and infrastructure such as cold storage and food processing industry in the state.

The farmer activists, however, said the Budget seemed to be a 'hopeless ritual' as far as the agriculture sector was concerned as the Chief Minister kept mum on the issues of farmers, which has led to agitation.

Chief Minister Manohar Lal Khattar proposed the allocation of Rs 7570.77 crore for the agriculture and allied sectors and cooperation for the next fiscal (2024-25) in the Budget, an increase of 38.9% over the Revised Estimates of the current year.

Prof BR Kamboj, Vice-Chancellor, Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University, said, "The CM has presented a farmer-friendly Budget. Many agricultural challenges such as salinity, waterlogging and crop diversification have been addressed by allocating sufficient funds. The use of latest technologies such as robotics, Artificial Intelligence (AI) and drones in agriculture will increase the efficiency of farm inputs," he said adding the focus of the Budget has been on reducing the cost and increasing the income of the farming community.

Inderjit Singh of the All-India Kisan Sabha described the Budget as "hopeless annual ritual of the BJP-led state government". He said the CM's utterances in the Assembly during the Budget speech that "he feels the pain of a farmer" didn't match the conduct of the Haryana Government as repressive measures were being taken to crush the voice of the farmers.

The CM said they provided compensation of Rs 297.5 crore to farmers for crop damage due to natural calamities, but he said it was inadequate.



**FARMER-FRIENDLY**

"The CM has presented a farmer-friendly Budget. Many agricultural challenges such as salinity, waterlogging and crop diversification have been addressed by allocating sufficient funds.

**Prof BR Kamboj**, VICE-CHANCELLOR, CCSHAU

**HOPELESS RITUAL**

"It is hopeless annual ritual. The CM's utterances that he feels the farmers' pain doesn't match the conduct of the government as repressive measures are being taken to crush the voice of the farmers.

**Inderjit Singh**, ALL-INDIA KISAN SABHA

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 24.2.24 | 4 | 1 |

“एचएयू के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने कहा कि सरकार ने किसान हितैषी बजट पेश किया है। यह विशेष रूप से राज्य के किसानों और पूरे कृषि क्षेत्र के लिए बहुत



फायदेमंद होगा। पर्याप्त धन आवंटित करके कई कृषि चुनौतियों जैसे लवणता, जल भराव, फसल विविधिकरण का समाधान किया गया है। विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं को विशेष तौर पर बढ़ावा दिया गया है। बजट की सघन योजना से कृषि में नवीनतम तकनीक जैसे रोबोटिक, एआई व ड्रोन का इस्तेमाल बढ़ेगा, जिससे कृषि में उपयोग होने वाले संसाधनों की बचत होगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 25.2.24 | 4 | 5-7 |

# छात्राओं के ज्ञान, अनुभव और कौशल विकास की बदौलत विवि को मिली खास पहचान : प्रो. कांबोज

## एचएयू के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के 1980 बैच की छात्राओं के लिए हुआ सम्मेलन



एचएयू में पूर्व छात्र सम्मेलन में स्मृति चिह्न भेंट करते हुए। स्रोत: संस्थान

**संवाद न्यूज एजेंसी**

हिसार। अगर हमें जीवन के सही पथ पर चलाने वाला अच्छा मार्गदर्शक मिल जाए, तो निश्चित तौर पर हम सफल होंगे। इसमें पूर्व विद्यार्थी सही मार्गदर्शक की भूमिका निभा सकते हैं। क्योंकि पूर्व विद्यार्थियों के पास ज्ञान, अनुभव व कौशल होता है, जिसकी मदद से वर्तमान समय में पढ़ रहे विद्यार्थी अपनी प्रतिभा को निखार सकते हैं। ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने व्यक्त किए।

वे विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की सन् 1980 पूर्व छात्र सम्मेलन के अवसर पर बतौर मुख्यातिथि छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। मुख्यातिथि प्रो. कांबोज ने संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय की पूर्व छात्राएं देश-विदेशों की प्रतिष्ठित कंपनियों व अन्य संस्थानों में बेहतरीन कार्य कर अपना, परिवार और एचएयू का नाम रोशन कर रही हैं।

इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव ने सभी का स्वागत कर कहा कि इस सम्मेलन में विभिन्न प्रदेशों से आई पूर्व छात्राओं ने अपने अनुभव साझा किए। साथ ही विश्वविद्यालय के यादगार पलों को भी ताजा किया, जिनमें अमेरिका से आई पूर्व छात्रा रजनी जैन ने बताया कि विश्वविद्यालय से प्राप्त ज्ञान की बदौलत ही वे विदेशी मंच पर अनेकों कार्यक्रम का आयोजन कर पाईं।

पूर्व छात्रा तरुणा ढांडा ने बताया कि एचएयू अपने आप में एक बड़ा ब्रांड है। महिला एवं बाल कल्याण विभाग की सहायक निदेशक पद पर रह चुकी शशि दूहन ने विवि से प्राप्त शिक्षा को अहम बताते हुए इसे सफलता की कुंजी बताई।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 24.2.24 | 5 | 3-5 |

# पूर्व छात्राओं के ज्ञान, अनुभव व कौशल विकास की बदौलत विश्वविद्यालय की खास पहचान: प्रो. काम्बोज

## हकृवि के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के सन् 1980 के पूर्व छात्राओं के लिए सम्मेलन का आयोजन



हकृवि में आयोजित 1980 पूर्व छात्र सम्मेलन में स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

हिसार, 23 फरवरी (विरेन्द्र वर्मा): अगर हमें जीवन के सही पथ पर चलाने वाला अच्छा मार्गदर्शक मिल जाए, तो निश्चित तौर पर हम सफल होंगे। इसमें पूर्व विद्यार्थी सही मार्गदर्शक की भूमिका निभा सकते है। क्योंकि पूर्व विद्यार्थियों के पास ज्ञान, अनुभव व कौशल होता है, जिसकी मदद से वर्तमान समय में पढ़ रहे विद्यार्थी अपनी प्रतिभा को निखार कर सर्वांगिण विकास कर सकें। ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने व्यक्त किए। वे विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की 1980 पूर्व छात्र सम्मेलन के अवसर पर बतौर मुख्यातिथि छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। मुख्यातिथि प्रो. बी.आर. काम्बोज ने संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय की पूर्व छात्राएं देश-विदेशों की प्रतिष्ठित कंपनियों व अन्य संस्थानों में बेहतरीन कार्य कर अपना, परिवार और हकृवि का नाम रोशन कर रही है। इन्हीं के ज्ञान, अनुभव, आत्म-विश्वास, अनुशासन सहित अन्य गुणों की बदौलत विश्वविद्यालय राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहा है। उन्होंने इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में पढ़ा रहे सभी कोर्सों को अहम बताया और कहा कि सामुदायिक विज्ञान एक विस्तृत व महत्वपूर्ण विषय है, जिसमें चिकित्सा, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित विभिन्न विषयों की बारीकियां से अवगत करवाकर छात्राओं को पारांगत बनाया जाता है ताकि वे जिंदगी को बेहतर व व्यवस्थित ढंग से जी सकें। मुख्यातिथि ने आधुनिक युग में महिलाओं की हर क्षेत्र में बढ़ती भागीदारी के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि महिला किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। महिलाओं ने शिक्षा, स्वास्थ्य, खेलकूद, चिकित्सा, सूचना एवं प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव ने सभी का स्वागत कर कहा कि इस सम्मेलन में विभिन्न प्रदेशों से आई पूर्व छात्राओं ने अपने विचार रखकर अनुभव सांझा किए।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि' भूमि | 24.2.24 | 11 | 1-5 |

### एचएयू के सामुदायिक विज्ञान कॉलेज में पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन

# कौशल विकास की बदौलत विवि की पहचान

- महाविद्यालय की पूर्व छात्राएं देश-विदेशों की प्रतिष्ठित कंपनियों व अन्य संस्थानों में बेहतरीन कार्य कर रहे

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार**



हिसार। हकृवि में आयोजित 1980 पूर्व छात्र सम्मेलन में स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा है कि अगर हमें जीवन के सही पथ पर चलाने वाला अच्छा मार्गदर्शक मिल जाए, तो निश्चित तौर पर हम सफल होंगे। इसमें पूर्व विद्यार्थी सही मार्गदर्शक की भूमिका निभा सकते है, क्योंकि पूर्व विद्यार्थियों के पास ज्ञान, अनुभव व कौशल होता है, जिसकी मदद से वर्तमान समय में पढ़ रहे विद्यार्थी अपनी प्रतिभा को निखार कर सर्वांगिण विकास कर सकें। कुलपति प्रो. काम्बोज विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की 1980 से पूर्व छात्र सम्मेलन में पूर्व छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय की पूर्व छात्राएं देश-विदेशों की प्रतिष्ठित कंपनियों व अन्य संस्थानों में बेहतरीन कार्य कर अपना, परिवार और हकृवि का नाम रोशन कर रही हैं। इन्हीं के ज्ञान, अनुभव, आत्मविश्वास, अनुशासन सहित अन्य गुणों की बदौलत विश्वविद्यालय राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहा है। पूर्व छात्रा तरूणा ढांडा ने बताया कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय अपने आप में एक बड़ा ब्रांड है।

यहां पढ़ाई करने के बाद तेजस रसोई नामक सीरियल शुरू कि जिसमें बड़े व्यापक तौर महिलाओं को घर की रसोई संबंधित स्वादिष्ट व्यंजनों, पो तत्वों की विस्तृत जानकारी जाती है।

### पूर्व छात्राओं ने अनुभव साझा किया

इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना याद सभी का स्वागत कर कहा कि इस सम्मेलन में विभिन्न प्रदेशों से आई छात्राओं ने अपने विचार रखकर अनुभव साझा किए। साथ ही विश्वविद्याल यादगार पलों को भी ताजा किया, जिनमें अमेरिका से आई पूर्व छात्रा रजनी ने बताया कि विश्वविद्यालय से प्राप्त ज्ञान की बदौलत ही वे विदेशी मंच पर अ कार्यक्रम का आयोजन कर पाई।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 24.2.24 | 2 | 3-5 |

# सामुदायिक विज्ञान कॉलेज की पूर्व छात्राओं ने अपने अनुभव किए सांझा

## हकृवि के इंदिरा चक्रवर्ती महाविद्यालय में पूर्व छात्र सम्मेलन आयोजित

भास्कर न्यूज | हिसार



पूर्व छात्र सम्मेलन में स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

हमें जीवन के सही पथ पर चलाने वाला अच्छा मार्गदर्शक मिल जाए तो निश्चित तौर पर हम सफल होंगे। इसमें पूर्व विद्यार्थी सही मार्गदर्शक की भूमिका निभा सकते है। क्योंकि पूर्व विद्यार्थियों के पास ज्ञान, अनुभव व कौशल होता है, जिसकी मदद से वर्तमान समय में पढ़ रहे विद्यार्थी अपनी प्रतिभा को निखार कर सर्वांगिण विकास कर सकें। ये विचार हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने व्यक्त किए। वे विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की 1980 पूर्व छात्र सम्मेलन के अवसर पर बतौर मुख्यातिथि छात्राओं को संबोधित कर रहे थे।

इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव ने कहा कि इस सम्मेलन में विभिन्न प्रदेशों से आई पूर्व छात्राओं ने विचार रखकर अनुभव सांझा किए। साथ ही विश्वविद्यालय के यादगार पलों को भी ताजा किया, जिनमें अमेरिका से आई पूर्व छात्रा रजनी जैन ने बताया कि विश्वविद्यालय से प्राप्त ज्ञान की बदौलत ही वे विदेशी मंच पर अनेक कार्यक्रम का आयोजन कर पाई। यह नेतृत्व क्षमता, कार्य-कुशलता व आत्मविश्वास उन्हें विश्वविद्यालय की शिक्षा से प्राप्त हुआ है। पूर्व छात्रा तरूणा ढांडा ने बताया कि हकृवि अपने आप में एक बड़ा ब्रांड है। यहां पढ़ाई करने के बाद तेजस्वनी रसोई नामक सीरियल शुरू किया, जिसमें बड़े व्यापक तौर पर महिलाओं को घर की रसोई से संबंधित स्वादिष्ट व्यंजनों, पोषक तत्वों की जानकारी दी जाती है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| | 24-2-24 | 2 | 1-3 |

दैनिक जागरण

विशेषज्ञ टिप्पणी

# कृषि क्षेत्र के लिए फायदेमंद बजट

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि हरियाणा सरकार की तरफ से हितैषी बजट पेश किया गया है। इस बजट में किसानों और पूरे कृषि क्षेत्र को फायदा होगा। किसानों का प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में अहम योगदान है। किसानों की इनकम को बढ़ाने के साथ कृषि में नए-नए शोध को बढ़ावा मिलेगा। सरकार की तरफ से पर्याप्त धन आवंटित किया है। इससे कई कृषि चुनौतियों जैसे लवणता, जल भराव, फसल विविधिकरण आदि का समाधान किया गया है।



प्रो. बी.आर. काम्बोज, कुलपति, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय

प्रदेश के दस लाख किसान आज अपनी फसल की पूरी जानकारी सरकार के समक्ष देते है। उन्होंने कहा कि यह एक बेहतर परिणाम है कि उनके कारण कृषि क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए कदम बढ़ाए जाएंगे। आना वाला समय नई तकनीक के साथ कृषि को आगे बढ़ाएगा। बजट में नई तकनीक को बढ़ावा देने के लिए रोबोटिक सिस्टम के साथ आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का प्रयोग होगा। ड्रोन का इस्तेमाल बढ़ेगा जिससे कृषि में उपयोग होने वाले संसाधनों की बजट होगी। इन तकनीकी को बढ़ाने के लिए बजट में ध्यान दिया गया है। किसानों के कर्ज माफी की घोषणा उनके परिवारों को समृद्धि की तरफ लेकर जाएगी। यह स्वागत योग्य है। साथ ही विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं को विशेष तौर पर बढ़ावा दिया गया है। बजट की सघन योजना से कृषि को सीधे लाभ होगा। आज सरकार की तरफ से 14 फसलों पर एमएसपी दी जा रही है। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय भी किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। साथ ही बेहतर बीज के साथ फसल बेहतर हो इस पर विज्ञानी लगातार काम कर रहे हैं। प्रो. काम्बोज ने कहा कि कृषि को बढ़ावा देने के लिए योजनाएं हैं। इसमें फसल बीमा योजना के अलावा हकृवि की तरफ से तैयार किए जा रही नई-नई किस्में कृषि को बढाएगी। किसानों को चाहिए कि वह कृषि के साथ पशुपालन पर भी ध्यान दें।

**चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय**

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 24.2.24 | 4 | 6-8 |



हकृवि में आयोजित 1980 पूर्व छात्र सम्मेलन में स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

# पूर्व छात्राओं के ज्ञान, अनुभव व कौशल विकास की बदौलत विश्वविद्यालय की खास पहचान: प्रो. काम्बोज

## ■ 1980 के पूर्व छात्राओं के लिए सम्मेलन का आयोजन

हिसार, 23 फरवरी (ब्यूरो): अगर हमें जीवन के सही पथ पर चलाने वाला अच्छा मार्गदर्शक मिल जाए तो निश्चित तौर पर हम सफल होंगे। इसमें पूर्व विद्यार्थी सही मार्गदर्शक की भूमिका निभा सकते हैं क्योंकि पूर्व विद्यार्थियों के पास ज्ञान, अनुभव व कौशल होता है, जिसकी मदद से वर्तमान समय में पढ़ रहे विद्यार्थी अपनी प्रतिभा को निखार कर सर्वांगीण विकास कर सकें। ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने व्यक्त किए। वे विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की 1980 पूर्व छात्र सम्मेलन के अवसर पर बतौर मुख्यातिथि छात्राओं को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यातिथि प्रो. बी.आर. काम्बोज ने संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय की पूर्व छात्राएं देश-विदेशों की प्रतिष्ठित कंपनियों व अन्य संस्थानों में बेहतरीन कार्य कर अपना, परिवार और हकृवि का नाम रोशन कर रही है। इन्हीं के ज्ञान, अनुभव, आत्म-विश्वास, अनुशासन सहित अन्य गुणों की बदौलत विश्वविद्यालय राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहा है। इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव ने सभी का स्वागत कर कहा कि इस सम्मेलन में विभिन्न प्रदेशों से आई पूर्व छात्राओं ने अपने विचार रखकर अनुभव साझा किए। साथ ही विश्वविद्यालय के यादगार पलों को भी ताजा किया।

अमेरिका से आई पूर्व छात्रा रजनी जैन ने बताया कि विश्वविद्यालय से प्राप्त ज्ञान की बदौलत ही वे विदेशी मंच पर अनेकों कार्यक्रम का आयोजन कर पाई। यह नेतृत्व क्षमता, कार्य-कुशलता व आत्मविश्वास उन्हें विश्वविद्यालय की शिक्षा से प्राप्त हुआ है। पूर्व छात्रा तरूणा ढांडा ने बताया कि हकृवि अपने आप में एक बड़ा ब्रांड है। यहां पढ़ाई करने के बाद तेजस्वनी रसोई नामक सीरियल शुरू किया। महिला एवं बाल कल्याण विभाग की सहायकं निदेशक पद पर रह चुकी शशि दूहन ने विश्वविद्यालय से प्राप्त शिक्षा को अहम बताते हुए इसे सफलता की कुंजी बताई।

उन्होंने कहा कि यहां से पढ़कर ही वे सरकारी विभाग के प्रतिष्ठित पद पर अपनी सेवाएं दे पाई है। क्योंकि विश्वविद्यालय का ज्ञान ने ही उन्हें असल में जीवन को सही तरीके से जीने की कला सिखाई है। इसके बाद पूर्व छात्राओं ने विभिन्न क्षेत्रों में किए गए कार्यों के बारे में अवगत करवाकर सामुदायिक विज्ञान को अहम बताया। इसके अलावा अंजली जैन, सुनीता चावला, अनुराधा, सुनीता वशिष्ठ, लीला शर्मा, सीमा गुप्ता, शांति सहित अन्य ने भी अपना परिचय देकर सभी से अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय की निदेशक डा. मंजू मेहता, मीडिया एडवाइजर डा. संदीप आर्य सहित उपरोक्त महाविद्यालय के समस्त वैज्ञानिक मौजूद रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| चिराग टाइम्स न्यूज | 23.02.2024 | -- | -- |

# प्रतिभा खोज जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगिण विकास के लिए जरूरी : प्रो. बी.आर. काम्बोज

चिराग टाइम्स न्यूज

हिसार। सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों को एक साथ लाने और उन्हें आपस में जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है। यह मंच भिन्न-भिन्न प्रकार की संस्कृति को एक साथ लाने व विद्यार्थियों को उनकी प्रतिभा को दर्शाने का अवसर प्रदान करता है। ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहे। वे विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में आयोजित प्रतिभा खोज-2024 कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम का आयोजन उपरोक्त महाविद्यालय की सांस्कृतिक मंच




शाखा द्वारा किया गया।

मुख्यातिथि प्रो. बी.आर. काम्बोज ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिभा खोज-2024 कार्यक्रमों जैसी गतिविधियों से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के सर्वांगिण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्हें जागरूक और समर्थ नागरिक के रूप में तैयार करती है। विश्वविद्यालय के विद्यार्थी शिक्षा में बेहतर प्रदर्शन के साथ-साथ खेलों व सांस्कृतिक जैसे कार्यक्रमों में भी बढ़चढ़ कर भाग लेते हैं। ऐसे कार्यक्रम से विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति व विरासत के प्रति सम्मान करने की भावना प्रदान करते हैं, साथ ही इनके माध्यम से विद्यार्थी नैतिकता, सहनशीलता, सहयोग, अनुशासन और दूसरों का सम्मान करने की भावना सीखते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय जोकि राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाता है, जिससे विद्यार्थी किसी भी क्षेत्र में आगे चलकर अपने गांव, समाज, प्रदेश व देश में अपना एवं विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने चहुमुखी विकास के लिए शिक्षा, खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़चढ़ कर भाग लें। साथ ही अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए अनुशासन में रहकर कड़ी मेहनत करने का भी संदेश दिया। मुख्यातिथि ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया।

विद्यार्थियों ने प्रतिभा के माध्यम से दिया विकसित भारत बनाने व पर्यावरण संरक्षण का संदेश

प्रतिभा खोज-2024 कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें तनीषा ने कत्थक डांस, शुभम ने पेट्रियोट, राहुल ने बॉलिवुड डांस, अन्नू व मनीषा ने सामूहिक हरियाणवी डांस व एकल में उषा, मोनिका ने हरियाणवी डांस कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सुगंध ने पंजाबी गाना और राहुल ने पंजाबी नृत्य किया। साथ ही लक्ष्य ने एकल गान गाकर सभी से तालियां बटोरी। इसके अलावा विद्यार्थियों ने हरियाणवी स्कीट में विकसित भारत 2047 और स्वच्छ भारत विषय पर देश को समृद्ध बनाने एवं पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया।

मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार ने सभी का स्वागत कर कार्यक्रम की विस्तारपूर्वक जानकारी दी, जबकि उपरोक्त महाविद्यालय की शाखा सांस्कृतिक मंच की प्रभारी डॉ. अर्पणा ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। मंच का संचालन विद्यार्थी अंकित व सुनैना ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिकारीगण सहित इससे जुड़े समस्त महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, विभागाध्यक्ष सहित वैज्ञानिक व बड़ी संख्या में विद्यार्थी भी मौजूद रहे।